PWD2-PR/4/2023-III-2-Public Works Department

I/162620/2023

ई फाईल संख्या-62568

प्रेषक,

डॉ० पंकज कुमार पाण्डेय,
सचिव,
उत्तराखण्ड शासन।

सेवा में,

प्रमुख अभियन्ता,
लोक निर्माण विभाग,
उत्तराखण्ड, देहरादून।

लोक निर्माण अनुभाग-2 देहरादूनः दिनांक 18 अक्टूबर, 2023

विषयः- मा० प्रधानमंत्री जी के दिनांक 12 अक्टूबर, 2023 को जनपद पिथौरागढ़/अल्मोड़ा/चम्पावत भ्रमण कार्यक्रम के आयोजन हेतु प्रयोग में आने वाले मार्गों के सुधारीकरण कार्यों एवं अन्य कार्यों को चयनित अनुबन्ध के माध्यम से कराये जाने तथा कार्यों की कार्योत्तर स्वीकृति के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अपने पत्रांक-1857/24(3) याता०'क' नियो०-1/2023, दिनांक 29.09.2023 एवं पत्रांक- 1904/24(3) याता०'क' नियो०-1/2023, दिनांक 04.10.2023 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा मा० प्रधानमंत्री, भारत सरकार के जनपद पिथौरागढ़, अल्मोड़ा एवं चम्पावत भ्रमण कार्यक्रम (दिनांक 11-12 अक्टूबर, 2023) के आयोजन हेतु उपयोग में आने वाले मार्गों के सुधारीकरण एवं अन्य कार्यों को विशेष व अपरिहार्य परिस्थितियों में समयान्तर्गत एवं गुणवत्तापूर्वक पूर्ण कराये जाने हेतु कार्यों को अलग-अलग ठेकेदारों के पक्ष में चयनित अनुबन्ध (Selection Bond) गठित कर कराये जाने की अनुमति प्रदान किये जाने का अनुरोध किया गया है।

2- अत: उक्त संबंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि मा०प्रधानमंत्री जी के दिनांक12 अक्टूबर, 2023 को जनपद पिथौरागढ़/अल्मोड़ा/चम्पावत भ्रमण कार्यक्रम के आयोजन की तात्कालिकता के दृष्टिगत विशेष व अपरिहार्य परिस्थितियों में भ्रमण कार्यक्रम के आयोजन से संबंधित उपरोक्त पत्रों में उल्लिखित कार्यों को अलग-अलग ठेकेदारों के पक्ष में चयनित अनुबन्ध (Selection Bond) गठित कर कराये जाने की अनुमति प्रदान करते हुए उक्तानुसार कराये गए कार्यों की कार्योत्तर स्वीकृति प्रदान की जाती है।

3- उक्त अनुमति मा० प्रधानमंत्री जी के जनपद पिथौरागढ़,अल्मोड़ा, चम्पावत भ्रमण कार्यक्रम के आयोजन के क्रम में तात्कालिक आवश्यकता एवं विशेष परिस्थितियों के दृष्टिगत प्रदान की जा रही है। अत: अन्य किन्हीं कार्यों के संदर्भ में उक्त अनुमति का उपयोग नहीं किया जाएगा।

Signed by Pankaj Kumar Pandey
Date: 17-10-2023 17:41:57

भवदीय,

(डॉ० पंकज कुमार पाण्डेय)
सचिव

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1. मुख्य सचिव, उत्तराखण्ड शासन।
2. महालेखाकार (लेखा प्रथम), उत्तराखण्ड, देहरादून।
3. सचिव, मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड शासन।
4. आयुक्त कुमाऊं मण्डल नैनीताल।
5. जिलाधिकारी, पिथौरागढ़/अल्मोड़ा/चम्पावत।
6. मुख्य अभियन्ता, लो०नि०वि०, अल्मोड़ा।
7. सम्बन्धित अधीक्षण अभियन्ता/अधिशासी अभियन्ता, लोक निर्माण विभाग।
8. गार्ड फाईल।

(श्याम सिंह)
संयुक्त सचिव।

phone/ Fax:- 0135-2531154/2530431

कार्यालय प्रमुख अभियन्ता एवं विभागाध्यक्ष, लोक निर्माण विभाग
''नियोजन–।'' उत्तराखण्ड देहरादून

Office of the Engineer in Chief, PWD, Dehradun Uttarakhand

Web-http://govt.ua.nic.in/pwd

E-mail: eicpwduk@nic.in

पत्रांक– 1220 / 20 याता0'क' / 2023

दिनांक– 21 .10.2023

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. मुख्य अभियन्ता, क्षेत्रीय कार्यालय, लोक निर्माण विभाग, अल्मोड़ा।
2. अधीक्षण अभियन्ता प्रथम / द्वितीय वृत्त, लोक निर्माण विभाग, अल्मोड़ा / नैनीताल।
3. अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय / निर्माण खण्ड, लोक निर्माण विभाग, चम्पावत / अल्मोड़ा।
4. अधिशासी अभियन्ता, आई0टी0सैल विभागाध्यक्ष, कार्यालय लोक निर्माण विभाग, देहरादून को इस आशय से प्रेषित कि उक्त शासनादेश की प्रति विभागीय ''वैबसाईट'' पर अपलोड कराने का कष्ट करें।
5. कनिष्ठ अभियन्ता प्राविधिक / बजट वर्ग, विभागाध्यक्ष कार्यालय, लोक निर्माण विभाग, देहरादून।

प्रशासनिक अधिकारी
कार्यालय प्रमुख अभियन्ता एवं विभागाध्यक्ष
लोक निर्माण विभाग, उत्तराखण्ड
देहरादून